महानगर
वर्ष 52 | अंक 70
पृष्ठ : 12
मूल्य : एक रुपये

अमर उजाला

PAGE NO 04. MIDDLE LEFT

एसआरएमएस ने बांटे खाने के पैकेट और दवाइयां

बरेली। एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को भी कई इलाकों में सुबह-शाम दोनों वक्त जरूरतमंदों तक खाने के पैकेट और दवाएं पहुंचाई गईं। इसके साथ जरूरतमंद 15 सौ परिवारों को चिह्नित कर अनाज पहुंचाने का काम भी शुरू किया गया। एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति के निर्देश पर भोजीपुरा, इज्जतनगर और बारादरी इलाकों में ट्रस्ट की टीम ने खाने के पैकेट बांटे। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के बाहर नैनीताल रोड पर भी रिलीफ कैंप लगाकर उत्तराखंड से बरेली आते लोगों के हाथ सैनिटाइज कराकर खाने के पैकेट और पानी दिया गया। कई मील चलने से थकावट, पैरों में दर्द, बुखार आदि सामान्य तकलीफों की दवाइयां भी चेकअप के बाद दी गईं।